**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4788
उत्तर देने की तारीख: 23.03.2020

मंत्री के विवेकाधीन कोटे को वापिस लेना

†4788. श्रीमती साजदा अहमदः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का केन्द्रीय विद्यालय (केवी) में मंत्री के विवेकाधीन कोटे को वापिस करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान मंत्री के विवेकाधीन कोटे के तहत किए गए प्रवेश की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ग) क्या पिछले दो वर्षों के दौरान एमपी कोटे और मानव संसाधन विकास मंत्री कोटे के माध्यम से दिए गए प्रवेश में वृद्धि की प्रवृत्ति रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान केवी में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों के नामांकन कम हो रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्री**
**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) : वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(ख) और (ग) : केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) द्वारा सूचित किया गया है, विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों (केवीएस) में पिछले तीन वर्षों के दौरान मानव संसाधन विकास मंत्री के विवेकाधीन कोटे के तहत किए गए प्रवेश का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ) : जी, नहीं।

*****

**अनुबंध**

"मंत्री के विवेकाधीन कोटे को वापिस लेना" **के संबंध में माननीय संसद सदस्य** श्रीमती साजदा अहमद **द्वारा दिनांक 23.03.2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाला अतारांकित प्रश्न सं. 4788 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**गत तीन वर्षों में विवेकाधीन कोटे के तहत प्रवेश का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम | **2017-18** | **2018-19** | **2019-2020** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 0 | 14 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 149 | 107 | 277 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 4 | 6 | 1 1 |
| 4 | असम | 74 | 115 | 67 |
| 5 | बिहार | 992 | 898 | 409 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 1 | 5 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 78 | 136 | 167 |
| 8 | दादर व नगर हवेली | 10 | 9 | 8 |
| 9 | दमन और दीव | 6 | 9 | 12 |
| 10 | दिल्ली | 2480 | 2275 | 2340 |
| 1 1 | गोवा | 3 | 8 | 5 |
| 12 | गुजरात | 117 | 140 | 148 |
| 13 | हरियाणा | 112 | 128 | 148 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 45 | 47 | 43 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 80 | 43 | 53 |
| 16 | झारखंड | 25 | 40 | 21 |
| 17 | कर्नाटक | 396 | 501 | 585 |
| 18 | केरल | 293 | 328 | 278 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 644 | 769 | 718 |
| 20 | महाराष्ट्र | 327 | 455 | 482 |
| 21 | मणिपुर | 22 | 16 | 19 |
| 22 | मेघालय | 0 | 0 | 0 |
| 23 | ओडिशा | 192 | 209 | 369 |
| 24 | पुडुचेरी | 13 | 33 | 36 |
| 25 | पंजाब | 6 | 19 | 14 |
| 26 | राजस्थान | 147 | 277 | 418 |
| 27 | तमिलनाडु | 524 | 577 | 630 |
| 28 | तेलंगाना | 355 | 380 | 412 |
| 29 | त्रिपुरा | 27 | 5 | 25 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 1660 | 1287 | 1353 |
| 31 | उत्तराखंड | 56 | 79 | 235 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 140 | 101 | 123 |
| **कुल** | | **8978** | **9012** | **9411** |

****